आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष को चिंताजनक बताया और कहा कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोकसभा में पश्चिम एशिया पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका कच्चे तेल की कीमतों पर गहरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस संघर्ष के शीघ्र समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है।

मंत्रिमण्डल

प्रदेश में अब चिट्टे में संलिप्त व्यक्ति पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमण्डल ने फैसला लिया कि जिनके खिलाफ भी चिट्टे के मामले दर्ज हैं या चिट्टे से संबंधित मामले की चार्जशीट कोर्ट में फाईल हो चुकी है, वे पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इस संबंध में मंत्रिमण्डल ने अपनी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमण्डल ने टांडा मैडिकल कॉलेज के लिए पैट स्कैन मशीन खरीद को मंजूरी प्रदान की। इसके अलावा आई.जी.एम.सी., हमीरपुर और नेरचौक मैडिकल कॉलेज में बायोफिजिक्स विभाग खोलने की स्वीकृति दी गई। बैठक में मैडिकल कॉलेजों में इंटर कॉलेज बनाने को भी स्वीकृति दी गई। सरकार ने गैस की कमी को दूर करने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को मज़बूत करने को मंजूरी दी ताकि भविष्य में रसोई गैस की किल्लत न हो।

बजट सत्र

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हिमकार्ड में रियायत देने पर सरकार विचार कर रही है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक सुधीर शर्मा के एक सवाल के जवाब में बताया कि प्रदेश में अभी तक 2 लाख हिम कार्ड बनाए जा चुके हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि हिम कार्ड को बनाने की तिथि बढ़ाने संबंधी नीतिगत फैसला जल्द ही निगम की बी.ओ.डी. की बैठक में लिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए किराए में 50 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया है इसलिए उनका कार्ड बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के लोग़ भी बस में फ्री यात्रा कर रहे हैं ऐसे में इस कार्ड के बनने से पता चलता है कि कितने लोगों ने कितनी बार बस में यात्रा की है। विधायक राजेश्वर गौड़ के सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश में चल रहे स्पा जल्द कानून के दायरे में आयेंगे। राज्य सरकार इनको रेगुलेट करने के लिए शीघ्र ही पॉलिसी बनाएगी।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि स्पा को रेग्यूलेट करने के लिए एस.ओ.पी. बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्पा श्रम कानूनों के तहत पंजीकृत होते हैं और इनकी अवहेलना होने पर ही कार्रवाई की जाती है। उद्योग मंत्री ने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य और आयुष विभाग के साथ मिल कर पॉलिसी बनाई जाएगी, ताकि स्पा में चल रही गतिविधियों को रेग्यूलेट किया जा सके।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कांगड़ा और हमीरपुर ज़िलों को जोड़ने के लिए बसंतीपट्टम और खेरी के बीच ब्यास नदी पर दोहरे लेन के पुल के निर्माण की आवश्यकता जताई है। उन्होंने संसद में केन्द्र सरकार से इस पुल के निर्माण के लिए बजट आबंटित करने का आग्रह किया। सिकंदर कुमार ने कहा कि ये पुल कांगड़ा और हमीरपुर ज़िलों को आपस में सीधे जोड़ेगा जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बेहतर कनैक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, कृषि उत्पादों के परिवहन और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मज़बूती मिलेगी।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप सकंद माता की पूजा—अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि मां का यह स्वरूप ज्ञान, करूणा और मातृत्व का प्रतीक है। नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में इन दिनों प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे है। इस दौरान मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

नमस्कार।